| इंग्रजी माध्यम | द्वितीय सत्रांत परीक्षा २०२४ | |
|---|---|---|
| समय: 3 घंटे | नौंवी - हिंदी (निम्नस्तर) | पूर्णांक : 80 |

### विभाग १ – गद्य विभाग : २० अंक

**प्र.१ (अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढक्रर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतिया कीजिए।**

रामानुज ने मिठाई माँगी तो माफी माँगने लगा, "चाचा जी, बड़ा शरमिंदा हूँ । कल तीन-चार मित्र आ गए थे । बाजार जाने का मौका न मिला। आपकी मिठाई मे काम चला लिया। फिर मैं आप में और अपने में कोई भेद नहीं मानता।" ये शब्द उन्हीं के थे जब वे मिठाई रखने आए थे । साग लेने चक्रवर्ती आए तो लाचारी दिखाई, "भाई, तुम्हें तो पता है कल कैसी धुआँधार बारिश थी पत्नी बोली- "जब घर में साग रखा है तब भीगने से क्या फायदा । जैसा उन्होंने खाया वैसा हमने ।"

रमा पराठे को पूछ रही थी, विमला ने उत्तर दिया, "सवेरे-ही-सवेरे एक साधु आ गए। बड़े पहुँचे हुए साधु थे। खाली हाथ कैसे जाने देती । घर में कुछ तैयार नहीं था तुम्हारे पराठे दे दिए ।"

रमा ने शंका उपस्थित की, "किंतु तुम तो साधु-संतों में विश्वास नहीं करतीं ?"

विमला ने बात बनाई, "वह फिर सारे मोहल्ले को तंग करता । मैंने पराठे तुम्हारी ओर से उसे दिए हैं । तुम्हारे घर का पता बता दिया है । झूठ समझो या सच, कल-परसों वह जब तुम्हारे घर आकर आज के पराठे के लिए आशीष देगा और भोजन माँगेगा तब तुम्हें मानना पड़ेगा ।"

मैंने कहा न, मोहल्ले में समाचार उड़ती बीमारी की भाँति फैलते हैं । अब मेरे घर के पास भी कोई नहीं फटकता ।

**१) आकृति पूर्ण कीजिए** (२)

| ये सब अपना सामान लेने आए | | | |
|---|---|---|---|
| | १ | रामानुज | मिठाई |
| | २ | चक्रवर्ती ............ | ............ |
| | ३ | ............ | ............ |

**२) १) निम्नलिखित कथन किसने किस कहे है लिखिए।** (१)

अ) मैं आप में और अपने में कोई भेद नहीं मानता।

ब) तुम तो साधु संतों में विश्वास नहीं करती।

**२) सही शब्द चुनकर कर वाक्य फिर से लिखिए।** (१)

अ) तुम्हारे घर का .................. पता / नाम बता दिया है।

ब) कल कैसी.................. जोरदार / धुआंधार बारिश हो रही थी।

**३) निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए ।** (२)

अ) कल आ) भीगना इ) उत्तर ई) झूठ

**४) 'साधु संत और विश्वास' विषय पर अपने विचार २५ से ३० शब्दों में व्यक्त कीजिए ।** (२)


**प्र.१ आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** (८)

उनके कहने पर शास्त्रीय संगीतज्ञों के कैसेट और डिस्क, उनका म्यूजिक सिस्टम उनके कमरे के साइन बोर्ड पर रख दिया गया उनके कमरे की सज्जा नए सिरे से उनकी सुविधानुसार कर दी गई। उन्होंने इशारों से बताया था, मैंने संगीत सीखा, पर सुना तो था ही नहीं मेरी साधना अधूरी रही जिन्होंने अपनी साधना पूरी की, उनकी सिद्धि का लाभ तो ले सकता हूँ ।

उनकी दिनचर्या बदल गई थी वे मुसकराते, इशारों में जैसे कहते हों, मैं आनंद में हूँ । वे सुबह उठते, अपनी व्हीलचेयर पर बाहर खुले में बगीचे में बैठ जाते पक्षियों का कलरव सुनते सूखे पत्तों के झरने की आवाज, कलियों के चटखने की आवाजें उन्हें सुनाई देतीं। उन्हें ओस की टिपटिप पत्तियों के खुलने की, धीमी हवा के सरसराने की सूक्ष्म ध्वनियाँ बहुत स्पष्ट सुनाई पडने लगी थीं। उनके चेहरे पर एक उजास दीपता था। आँखें बंद करके कजरी की तान सुनते दिन में वे अपनी रुचि और समय की अनुकूलता से शास्त्रीय गायन की सी. डी. सुनते। घर के लोग चाहते थे, जैसे भी हो, वे जो चाहते हों करें वे उन्हें इतनी खुशी तो दे ही सकते थे।

इस समय अलवर कामू का 'कालिगुला नाटक' उनके भीतर मंचित होता है। ईश्वर क्रूर रोमन शहंशाह कालिगुला बन गया है। अपनी इच्छा से वह मेरे अंगों को कटवाता जा रहा है। जैसे-जैसे उसे जरुरत पडती है, उसी क्रम से वह एक-एक अंग-भंग कर मुझे मरवा रहा है। मुझे कालिगुला के विरुद्ध एक शांत संघर्ष करना है क्योंकि मैं जानता हूँ जीवन का विकास पुरुषार्थ में है, आत्महीनता में नहीं।

**१) आकृति पूर्ण कीजिए।** (२)




**२) एक शब्द में उत्तर लिखिए।** (२)

अ) उनके चेहरे पर दिखता था।

ब) वह आँखें बंद करके सुनते थे।

क) क्रूर रोमन बादशाह।

ड) संगीत अधिनियम की इसका लाभ तो ले सकता हूं।

**३) १) निम्नलिखित शब्दों का वचन बदलकर लिखिए।** (१)

अ) पत्ते ब) खुशी

**२) 'हीन' प्रत्यय का प्रयोग करके दो अर्थपूर्ण शब्द तैयार कीजिए।** (१)

**४) 'समाज के जरुरतमंद लोगों की मैं सहायता करुंगा' विषय पर अपने विचार २५ से ३० शब्दों में प्रकट कीजिए।** (२)

**प्र.१ इ) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियां कीजिए।**

मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, पूर्व में जिसे विक्टोरिया टर्मिनस कहा जाता था, एवं अपने लघु नाम वी.टी.. या सी.एस.एम.टी. से अधिक प्रचलित है। यह भारत की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई का एक ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन है, जो मध्य रेलवे, भारत का मुख्यालय भी है। यह भारत के व्यस्ततम स्टेशनों में से एक है। आंकडों के अनुसार यह

https://www.maharashtrastudy.com

स्टेशन ताजमहल के बाद; भारत का सर्वाधिक छायाचित्रित स्मारक है।

इस स्टेशन की अभिकल्पना फ्रेडरिक विलियम स्टीवन्स वास्तु सलाहकार १८८७-१८८८, ने १६.१४ लाख रुपयों की राशि पर की थी। इसे पूरा होने में दस वर्ष लगे और तब इसे सम्राज्ञी महारानी विक्टोरिया के नाम पर विक्टोरिया टर्मिनस कहा गया। इस स्टेशन का नाम, राज्य सरकार द्वारा सत्रहवीं शताब्दी के शूरवीर शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस बदला गया। २ जुलाई, २००४ को इस स्टेशन को युनेस्को की विश्व धरोहर समिति द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।

१) आकृति पूर्ण कीजिए। (२)

| | | |
|---|---|---|
| मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | अभिकल्पना | |
| | लागत राशि | |
| | निर्माण के लिए समय | |
| | विश्व की धरोहर स्थल घोषित वर्ष | |

२) **'विश्व धरोहर स्थलों की साफ सफाई रखना हमारी जिम्मेदारी है' इस विषय पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।** (२)


## विभाग २ - पद्य (अंक - १२)

**प्र.२ अ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** (६)

छोटी-छोटी सांस्कृतिक नदियाँ
दौडी-दौडी आती हैं
मुझमें सभ्यताएँ समाती हैं
घुल-मिल जाती हैं
लेकिन क्या बताऊँ
और कैसे कहूँ
कभी-कभी
बहता हुआ आता है लहू
जब मेरे घाटों पर
खनकती हैं तलवारें
गूँजती हैं
गरजती हैं तोपें
होते हैं धमाके
और शहीद होते हैं।
रणबांकुरे बाँके,
मैं नहीं पूछता
कि वे थे कहाँ के
मैं नहीं देखता
कि वे यहाँ के हैं
कि वहाँ के।
मैं तो सबके घाव धोता हूँ
विधवा की आँखों में
आँसू बनकर मैं ही तो रोता हूँ।
ऐसे बहूँ या वैसे
प्यारे मनुष्यों, बताऊँ कैसे
मैं सिंधु में बिंदु हूँ,
बिंदु में सिंधु हूँ,
लहराते बिंबों में
झिलमिलाता इंदु हूँ

https://www.maharashtrastudy.com

**१) आकृति पूर्ण कीजिए।** (२)




**२) सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** (२)

**१) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

अ) छोटी छोटी ............ नदियां दौड़ी दौड़ी आती है।

ब) जब मेरे घाटों पर ................. है तलवारे।

**२) उत्तर लिखिए।**

अ) सब के घाव कौन होता है?

ब) तोपें कहां गरजती है?

**३) अंतिम चार पंक्तियों के सरल भावार्थ लिखिए।** (२)

**आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

जिसकी ऊँची उड़ान होती है। उसको भारी थकान होती है।
बोलता कम जो देखता ज्यादा, आँख उसकी जुबान होती है।
बस हथेली ही हमारी हमको, धूप में सायबान होती है ।
एक बहरे को एक गूँगा दे, जिंदगी वो बयान होती है
तीर जाता है दूर तक उसका, कान तक जो कमान होती है।
खुशबू देती है, एक शायर की, जिंदगी धूपदान होती है

**१) कथनों के सामने सत्य / असत्य लिखिए ।** (२)

अ) बस छतरी ही हमारी हमको, धूप में सायबान होती है।

ब) एक बहरे को एक गूंगा दे, जिंदगी वो बयान होती है।

क) तीर जाता है दूर तक उसका, नाक तक जो कमान होती है।

ड) बोलता कम जो देखा ज्यादा, आँख उसकी जुबान होती है।

**२) १) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए ।** (१)

अ) जुबान ब) बयान

**२) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए ।** (१)

अ) हथेली ब) तीर

**३) उपर्युक्त पद्यांश की आरंभ की चार पंक्तियों का सरल अर्थ २५-३० शब्दों में लिखिए।** (२)

https://www.maharashtrastudy.com


## विभाग ३ पूरक पठन (अंक-८)

**प्र.३ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** (४)


> कैसे हठ पकड़ लिया था पीयूष ने घर में वह भी खरगोश पालेगा, ... तोते का पिंजरा लाएगा। तविषा और शैलेश के संग महरौली शैलेश के मित्र के बच्चे के जन्मदिन पर गया था पीयूष उन लोगों ने मँझोले नीम के पेड़ की डाल पर तोते का पिंजरा लटका रखा था। जालीदार बड़े से बांकड़े में उन्होंने खरगोश पाल रखे थे। पियूष को खरगोश और तोता चाहिए तविषा और शैलेश ने बहुत समझाया - फ्लैट में पशु-पक्षी पालना कठिन है कहाँ रखेंगे उन्हें ?" "बालकनी में ।" पीयूष ने जगह ढूँढ़ली तविषा ने उसकी बात क उसे बहलाना चाहा ठपूरे दिन खरगोश बांकड़े में नहीं बंद रह सकते। उन्हें कुछ समय के लिए खुला छोड़ना होगा छोटे-से घर में वे भागा-दौडी करेंगे सुसु-छिछि करेंगे । उनकी टट्टी पेशाब कौन साफ करेगा ?"

**१) आकृति पूर्ण कीजिए।** (२)

अ)




ब)




२) 'पालतू प्राणियों के लिए आप क्या करते हैं?'
इस विषय पर २५-३० शब्दों में अपने विचार लिखिए। (२)

**प्र.३ आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** (४)

स्वाभाविक,
यदि मुझे याद आता
ईश्वर इस क्षण में !
जड.जग इतना सुंदर जव
चेतन में जग क्या कारण
रहता अहरह जो
विषण्ण जीवन मन का संघर्षण ?
मनुज प्रकृति का करना फिर
नव विश्लेषण, संश्लेषण,-

'ईश्वर का प्रतिनिधि नर,
अभिशापित हो उसका जीवन ?
लगता, अपनी क्षुद्र अहंता ही में
सीमित, केंद्रित,
छिन्न हो गया विश्व चेतना
से मानव मन निश्चित !

https://www.maharashtrastudy.com

१) उत्तर लिखिए। (२)

अ) कवि को याद आता है [ ]

ब) कवि के अनुसार मनुष्य का जीवन इसलिए अभिशापित है [ ]

२) कविता द्वारा प्राप्त संदेश २५ से ३० शब्दों में लिखिए। (२)

**विभाग ४ भाषा अध्ययन (अंक १४)**

प्र.४ **सूचना ओ के अनुसार कृतीयाँ कीजिए।**

**१) अधोरेखांकित शब्द का शब्दभेद पहचानकर लिखिए।** (१)

मैंने मामा को एक दो पत्र लिखे थे।

**२) निम्नलिखित अव्ययों में से किसी एक अव्यय का अपने वाक्य मे प्रयोग कीजिए।** (१)

लेकिन, वाह!

**३) तालिका पूर्ण कीजिए । (कोई एक)** (१)

| | शब्द | संधि विच्छेद | संधी भेद |
|---|---|---|---|
| १) | ............... | नर + ईश | ................. |
| २) | दिग्विजय | .................. | ................. |

**४) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक वाक्य से साहयक क्रिया पहचानकर उसका मुल रूप लिखिए।** https://www.maharashtrastudy.com (१)

१) भाई को देखकर हुए बोल उठे।

२) मैं वहां बडी कठिनाई से जा पाया।

**५) निम्नलिखित में से किसी एक क्रिया का प्रथम तथा द्वितीय प्रेरणार्थक रुप लिखिए ।** (१)

| | क्रिया | प्रथम प्रेरणार्थक | द्वितीय प्रेरणार्थक रुप |
|---|---|---|---|
| १) | छूना | ...................... | ...................... |
| २) | ---------- | जगाना | ...................... |

**६) निम्नलिखित मुहावरो में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए।** (१)

१) चंपत होना २) मुँह फेरना!

**अथवा**

**अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन करके वाक्य फिर से लिखिए।**

(आपे से बाहर होना, कान में डालना)

हमें संयम से काम लेना चाहिए, बात-बात पर <u>नाराज होना</u> दुर्बलता की निशानी है।

https://www.maharashtrastudy.com

**७) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर प्रयुक्त कारकों में से कोई एक कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए ।** (१)

१) भारत में धूम मच गई है।

२) एक साल पहले मैं आश्रम से बाहर गया था।

**८) निम्नलिखित वाक्य में यथास्थान उचित विरामचिन्हों का प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखिए ।** (१)

हेमंत ने कहा, मैं बर्फ के क्यूब चूसूंगा

**९) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्य का सूचना के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए।** (२)

१) मैं अपने मित्र से मिल रहा हूं। (अपूर्ण भूतकाल)

२) एक बहुरुपिये ने साधु का रूप बनाया । (अपूर्ण वर्तमान काल)

३) मैं भी साथ चलूंगा। (सामान्य वर्तमान काल)

**१०) १. निम्नलिखित वाक्य का रचना के आधार पर भेद पहचानकर लिखिए।** (१)

इंसानियत का भी सबूत दिया होता तो ड्राइवर बच जाता।

**२. निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक वाक्य का अर्थ के आधार पर दी गई सूचना के अनुसार परिवर्तन कीजिए ।** (१)

१) कंपनी के पास लिखा लिखाया कुछ नहीं है। (प्रश्नवाचक वाक्य)

२) कुछ लोगों को शर्म करने की आदत होती है। (निषेध वाचक वाक्य)

**११) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्य को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए ।** (२)

१) कल सारे दीन बारिश होती रही।

२) मैं तुमें धन्यवाद करता हूं।

३) यहां गरम गाय का दूध मिलता है।

## विभाग ५ - रचना विभाग : २६ अंक

**प्र.५ अ) पत्र लेखन**

**१) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्र लेखन कीजिए ।** (५)

बी -२, शांति निवास, महात्मा गांधी चौक, कल्याण पुर्व - ४२१३०६ से विनय / विनीता शर्मा अपने छोटे भाई अमित को व्यायाम का महत्व समझाते हुए पत्र लिखता / लिखती है।

**अथवा**

निखिल / निकिता पाठक, शिव कृपा सी - ३२५, बुधवार पेठ, पुणे - ४१००१४, से अपने मोहल्ले में फैली गंदगी की सफाई करवाने के लिए माननीय महापौर, महानगरपालिका, पुणे -४१००१४ के नाम पत्र लिखता / लिखती है।

https://www.maharashtrastudy.com

२) गद्य आकलन – प्रश्ननिर्मिती (२)

निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर गद्यांश में एक-एक वाक्य में हों ।

ऐसे कुछ ही विद्वान होते हैं जो अपने जीवन को जन कल्याण के लिए समर्पित करते हैं । उन्हीं में से एक स्वामी विवेकानंद थे। जिन्होंने अपने राष्ट्र और संस्कृति के उत्थान के लिए आजीवन प्रयत्न किया। उनके ऊर्जा और उत्साह को देखते हुए युवा विशेष रूप से प्रेरित हुए, आज उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और उनसे अपने जीवन के उद्देश्यों को समझने का प्रयत्न करते हैं।

स्वामी जी ने बेहद ही कम आयु में वह कार्य किया जो बेहद ही कम देखने को मिलते हैं. स्वामी जी बौद्धिक रूप से जितने मजबूत थे उतने ही शारीरिक रूप से मजबूत थे वह युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए प्रेरित करते थे क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है इसलिए वह अध्यात्म और भौतिक के समन्वय थे। उन्होंने समाज में फैली हुई बुराई तथा कुप्रथा को दूर करने के लिए समाज के बीच रहकर कार्य किया।

प्र.५ आ) १) वृत्तांत-लेखन । (५)

आदर्श विद्यालय, ठाणे में आयोजित 'हिंदी भाषा दिन' में विविध कार्यक्रमों का ७० से ८० शब्दों में वृत्तांत लेखन कीजिए ।

( वृत्तांत में स्थल, काल, घटना का उल्लेख होना अनिवार्य है ।)

**अथवा**

**कहानी- लेखन**

निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर ७० से ८० शब्दों में कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सिख लिखिये ।

किसान – उसकी स्त्री को धनी होने की कल्पना – परी के दर्शन-दो वरदान मांगने को कहना – किसान की स्त्री का लोभ – गहनों का शौक, "हाथ सोने का बना दो" – हाथ रुक जाना – तकलीफ – दूसरा वरदान मांगना, "हाथ पहले जैसा बना दो।" परी का उड़ जाना–सीख।

**२) विज्ञापन लेखन।** (५)

निम्नलिखित जानकारी के आधार पर ५० से ६० शब्दों में विज्ञापन तयार कीजिए ।

नीम टूथपेस्ट – विशेषताएं

विशेष छूट – निसर्ग आयुर्वेदिक जनरल स्टोर, पनवेल.

प्र.५ (इ) **निबंध लेखन ।** (७)

निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर ८० से १०० शब्दों में निबंध लिखिए ।

१) घायल सैनिक की आत्मकथा

२) बढ़ती जनसंख्या – एक समस्या

३) यदि परीक्षाएं होती न तो...

♠♠♠♠♠♠

https://www.maharashtrastudy.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से